राधे नाम से कष्ट हुए आधे | By Hari Sharma

जबसे है नाम जपा राधे
जीवन के कष्ट हुए आधे
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे

तूफानों में जब जब मैं घिरा
तेरा नाम बना पतवार मेरी
दुनिया से क्या लेना राधे
बस दिल को है दरकार तेरी
मेरे रोम रोम में लिख दे तू
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे

राधे इतनी कृपा रखना
तेरा नाम सदा ही गाऊं मैं
इस झूठे लोक दिखावे में
एक पल ना तुझे बिसराऊँ में
हर पल हर क्षण सिमरु दिल से
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे

मेरी डोर सदा थामे रखना
जी चाहे जैसे नचा लेना
ना छोड़ना मुझको बीच भंवर
मझधार से मुझको बचा लेना
आती जाती हर सांस कहे
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे

अब और ना कोई तमन्ना है
राधे मेरे इस जीवन की
तेरे चरणों में मैं प्राण तजु
इच्छा है ये ही मेरे मन की
तेरे चरण पकड़ ये ही गाये हरी
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे
राधे राधे राधे राधे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%9f-%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%8f-%e0%a4%86%e0%a4%a7%e0%a5%87-by-hari-sharma/